संख्या-86/2019/1481/22-2-2019-17(832)/2019

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 19 अगस्त, 2019***

विषय:- जिला कारागार, गाजियाबाद में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी जयपाल सिंह पुत्र श्री शंकर सिंह, निवासी जनपद-हापुड की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-551/प्रोबे0-5-द0या0(बैठक-20.11.2018) दिनांक 08.01. 2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार बन्दी जयपाल सिंह पुत्र श्री शंकर सिंह, जो- ढोलपुर, थाना-बहादुरगढ जिला-गाजियाबाद वर्तमान जनपद-हापुड का रहने वाला है। बन्दी द्वारा दिनांक 18.10.1978 को 03 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर फरसा, पलकटी व तमंचा से गोली मारकर 01 व्यक्ति की हत्या कारित की गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-123/1979 धारा-302/34 आई0पी0सी0 के अन्तर्गत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-07 गाजियाबाद के आदेश दिनांक 23.11.1982 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 24.01.2012 एवं मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 08.02.2013 द्वारा यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 04.09.2018 तक 05 वर्ष 09 माह 09 दिन की अपरिहार सजा तथा 07 वर्ष 05 माह 12 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गाठित समिति द्वारा बंदी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति की गयी है। किन्तु दयायाचिका समिति द्वारा बन्दी की काटी गयी सजा व कारित अपराध की प्रकृति के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी जयपाल सिंह (बंदी संख्या-8017/2012) पुत्र श्री शंकर सिंह, निवासी जनपद-हापुड की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर
संयुक्त सचिव।

संख्या-86/2019/1481(1)/22-2-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, हापुड ।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद ।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ ।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

गिरीश चन्द्र खरे
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in